राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम' का आयोजन

दिनांक 13-04-2026 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में "नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नारी सशक्तिकरण, महिला सम्मान एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. विशेषता चौहान (सहायक आचार्य, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) ने अपने संबोधन में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं मानसिक सशक्तिकरण के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं जागरूक महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है तथा छात्राओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता एवं आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति प्रभारी एवं पुलिस उप निरीक्षक सुश्री प्रीति विश्वकर्मा तथा पुलिस उप निरीक्षक सुश्री अंजना कुशवाहा उपस्थित रहीं।